## बार-बार विद्युत ट्रिप होने तथा अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** इस समय पड़ रहीं भीषण गर्मी से जहा लोगों के लिए मुसीबत बना हुई है वही बिजली की अघोषित कटौती से आम जन त्रस्त हैं। एक ओर सरकार 24 घंटे बिजली देने की बात करती है घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं का प्रति यूनिट बिजली का बिल लगातार बढ़ाया जा रहा है। वही बिजली की अघोषित कटौती लगातार जारी है। अघोषित बिजली कटौती से आम लोगों का जीवन दूभर होता जा रहा है।



विद्युत वितरण कंपनी पूरे साल मेंटनेंस की बात करती हैं मेंटनेंस के नाम पर पूरे साल भर बिजली कटौती किए जाने के बाद भी लाइन यों फॉल्ट होना, डीपी ब्लास्ट होने जेसी घटनाएँ आम हैं, अघोषित बिजली कटौती से शहरी एवं ग्रामीण निवासियों एवं किसानों को अत्याधिक परेशानी उठानी पड़ रहीं है। दिन में बिजली ट्रिप होती रहती हैं। कभी कभी तो बोलटेंज भी बहुत कम होता है, जिससे किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या मोटर लोड नही ले पाते हैं।

विद्युत वितरण कंपनी के घन्टों तक नंबर लगाने के बाद भी शिकायत दर्ज नही हो पाती, इससे उपभोक्ताओं मे बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही हैं। बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के काटी जा रहीं हैं। खास तौर पर किसानो के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है क्योंकि इस समय मूंग की फसल के लिए सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली की आवश्यकता होती है।

बिजली ना होने के कारण मूंग की फसल प्रभावित हो रहीं हैं, जिससे किसानो को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। किसानों ने मांग की हैं कि कम से कम 12 घंटे निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध करायी जाए ताकि वे अपनी फसलों की सिचाई समय पर कर सके।

## सड़क किनारे खड़े वाहन दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में जिसे जहां जगह मिली और उसने अपना आधिपत्य कायम किया, वर्तमान में देखा जा रहा है कि सड़क के किनारे कई बड़े-बड़े वाहन ऐसे खड़े रहते हैं जैसे उन्होंने वाहन खड़े करने के लिए सरकारी भूमि को लीज पर लेकर वाहन खड़े करने के लिए गैरेज बना कर रख ली हो।

कई बाहर की निर्माण कंपनियां शहर में काम करने आती है और उसके बाद इसी तरीके से उन्हें जहां जगह मिलती है अपने वाहन रखने का इंतजाम कर लेती है। रेलवे स्टेशन मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग है सड़क के बाजू से बड़े वाहन खड़े रहना किसी बड़े खतरे से काम नहीं है।

सिविल लाइन क्षेत्र में खड़े वाहनों पर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो जरूर जाता होगा। इसके बावजूद भी देखा जा रहा है कि कई दिनों से सड़क के किनारे खड़े वाहन अलग नहीं हो पा रहे हैं। यह अस्थाई रूप का अतिक्रमण कभी भी किसी दुर्घटना के साथ जानलेवा साबित हो सकता है । प्रशासन इस और ध्यान देकर सड़क के किनारे जो वाहन लगातार खड़े रहते हैं उन्हें अलग कराए जिससे कि कोई बड़ा हादसा न हो सके।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया पोषण आहार पखवाड़ा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आंगनबाड़ी केन्द्रो पर हुआ पोषण आहार पखवाड़े का कार्यक्रम सोमवार को तिलक वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में तिलक वार्ड गांधी वार्ड का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संध्या कोठारी, बबिता नेमा कविता पटेल, सरिता उमरे तथा वार्ड की अनेक महिलाएं गर्भवती माताएं किशोरी बालिकाएं व 5 वर्ष से कम उम्र की अनेक बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर मोनिका चौहान का निर्देशन रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संध्या कोठारी ने कहा कि हमें अपने पोषण का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर से गर्भवती माता का पोषण का विशेष ध्यान होना चाहिए । क्योंकि वह एक बच्चे को जन्म देने वाली है । यदि वह खुश रहेगी अच्छा आहार ग्रहण करेंगे तो एक स्वस्थ बालक को जन्म देंगे जो कि राष्ट्र का की एक धरोहर रहेगा। हमें अपने खाने में गुड़ चना कड़ी लौकी और अन्य हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए। जिससे कि खाना महंगा भी ना हो लेकिन पोषक हो । खाने में जितने रंग रहेंगे वह उतना संतुलित रहेगा। गर्भवती माता को अपना ख्याल जरूर रखना चाहिए और किसी भी प्रकार के जंक फूड या कोल्ड ड्रिंक आदि का सेवन नहीं करना चाहिए ।

इसमें किसी भी प्रकार का पोषण नहीं होता इसकी जगह हमें छाछ आम का पाना नींबू पानी आदि का इस्तेमाल करना चाहिए । इसके बाद स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें नन्हे नन्हे बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता सोनी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन आंगनवाड़ी सहायिका मालती सेन ने किया।

## सार-समाचार

### सात दिवसीय शिविर का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गायत्री परिवार के सहयोग से सोहम हीलिंग टेंपल के माध्यम से सात दिवस शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में लाभ लेने वाले लोगों का अनुभव बहुत अच्छा रहा इसमें लोगों ने सिद्ध योग किया और देखा कि सच में ये योग स्वत: ही होता है ऑटोमेटिक राइटिंग से अपने सवाल के जवाब लिए ओर अपने पूर्व जन्म को भी अनुभव किया अब सभी लोग ऑनलाइन क्लास के माध्यम से शिव रेकी और सिद्ध योग से जुड़ रहे है। सभी लोगों ने शिखा पटेल रेकी ग्रांड मास्टर का आभार व्यक्त किया और ऐसे ही नई नई विद्या के बारे में सीखने का अनुरोध किया।

### यज्ञ से भगवान प्रसन्न होते हैं



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** यह सृष्टि परमात्मा की है हम सब उसके अंश हैं।हम सदैव अच्छे कार्य करें।सेवा सद्भाव और प्रेम के पुष्प खिलायें। हमेशा परोपकार के भाव रखें।यज्ञ से भगवान प्रसन्न होते हैं। सुख समृद्धि आनंद के साथ ही मां लक्ष्मी की कृपा होती है। अच्छी बर्षा होती है खूब अन्न उपजता है। जहां भी धार्मिक आयोजन हों वहां आप समय निकालकर सत्संग का आनन्द अवश्य लें।उक्ताशय के विचार परम पूज्य गुरुदेव सनकादिक जी महाराज चित्रकूट बालों ने वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा सिद्ध बाबा झरना स्थल नरसिंहपुर आयोजित सत्संग भेंट में व्यक्त किये।परिषद सदस्यों द्वारा रखे गये आध्यात्मिक धार्मिक प्रश्नों का महाराज श्री ने यशोचित समाधान किया। संचालन कविवर अशोक त्रिपाठी द्वारा किया गया। सत्संग में डा महेश त्रिपाठी महन्त प्रीतमपुरी गोस्वामी पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी पं.सी.बी शर्मा अशोक त्रिपाठी बी एस पटेल अशोक वर्मा अर्जुन पटेल पत्रकार नीलेश जाट शकुन नामदेव भारती दीक्षित सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहुटाडांड स्थित तिपान नदी इमली घाट में रेत का अवैध उत्खपनन एवं परिवहन किये जाने पर पुलिस ने बिना नंबर की ट्रैक्टगर को जब्तड करते हुए ट्रैक्टार चालक एवं मालिक के खिलाफ धारा 303(2), 62 बीएनएस तथा 130(3)/177 एमव्ही एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना मे लिया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली की तिपान नदी इमली घाट ग्राम बहुटाडांड मे बिना नंबर की ट्रेक्टर रेता चोरी करने का प्रयास कर रहा है, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जहां बिना नंबर की ट्रेक्टर रेता चोरी करने के लिये बीच नदी पर रेत की ढेर पर खडा किये था। जो पुलिस को आते देखकर नदी मे ही ट्रैक्ट र छोडकर जंगल की तरफ भाग गया, जिसकी तलाश किये जाने पर वो नही मिला, ट्रेक्टर ट्राली मे करीब 2 तगाडी रेत भरा होना पाया गया।

## मातृभूमि दिवस पर पौधरोपण और नुक्कड़ नाटक का मंचन किया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मातृभूमि दिवस पर राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नरसिंह आनंद क्लब नरसिंहपुर के सदस्यों ने बाबा घाट में कार्यक्रम आयोजित किया।

मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय, यमुना विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चंदेल, आनंदक सहयोगी सत्यम नेमा, श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था संचालक शशिकांत मिश्र, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा, ब्रह्मश्री दिव्यांग संस्था के संचालक आनंद दुबे की उपस्थिति में कार्यक्रम का प्रारम्भ जीवन के स्रोत अंधकार को प्रकाश में परिवर्तित करने वाले सूर्य देवता को जल का अर्ग देकर किया गया। नीम, आम, आवला, पलाश, जामुन का वृक्षारोपण किया गया। पृथ्वी को हरा भरा बनाने एवं वृक्षों का जीवन में महत्व दर्शाते हुए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।



ट्रेनर मुक्ति राय ने धरा की रक्षा करना उसे हरा भरा रखने के लिए सबकी जिम्मेदारी पर चर्चा की। ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने कहा कि हम तभी सफल होंगे जब हर कोई प्रकृति के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाए।

ट्रेनर धर्मेंद्र चंदेल ने दुनिया को बहाल करने के लिए वैश्विक आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था के संचालक और आनंदक शशिकांत मिश्र ने पौधारोपण, नदियों को प्रदूषण मुक्त करने, प्राकृतिक प्राप्तियों को संरक्षित करने और बेहतर भविष्य के लिए निवेश के विचार रखे। आनंदक सहयोगी सत्यम नेमा ने कहा हमें स्वहित के लिए नहीं अपितु जनहित और प्रकृति हित के लिए कार्य करना चाहिए। जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा ने मातृभूमि दिवस पर संदेश दिया कि हम सब प्रकृति से जुड़ें और अपने समुदाय को जागरूक करे। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक पेड़ो से जीवन का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में नरसिंह आनंद क्लब नरसिंहपुर से आरती चौकसे, आनंदक शिवराज रैकवार, संतोष मेहरा, तृप्ति पारे, प्रमोद पारे ,अशोक नेमा,पवन पाठक, मनीष रजक ,नरेश कौरव, संगीता लोधी, शिवानी भारद्वाज का योगदान रहा।

## रेडक्रास हॉस्पिटल में जांच निःशुल्क शिविर आयोजित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रेड क्रॉस एवं एल जी आए हॉस्पिटल नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में पेट और लीवर स्वास्थ जांच एवम परामर्श शिविर का आयोजन रेडक्रास हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। शिविर में आने वाले मरीजों के रक्त के नमूने लिए गए थे इसके लिए डायबिटीज के 60 मरीजों के रक्त की जांच करने में आई जिसमे से 18 से 20 मरीजो के फैटी लीवर पाए गए।

शिविर में नागपुर एल जी आए हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ प्रशांत भंडारकर, सर्जिकल डॉ योगेश बंग, गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ मनोज व्यवहारे और इनकी टीम ने 120 से अधिक मरीजों का निशुल्क परामर्श किया गया.जिसमें ब्लड टेस्ट और फाइब्रोस्कैन भी निशुल्क थे।डॉ प्रशांत भंडारकर और डॉ योगेश बंग द्वारा बताया गया फैटी लीवर की समस्या अत्यधिक मोटापा, मद्यपान का सेवन और गलत खानपान के कारण होता है , नागपुर से लाई गई फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा 18से 20 मरीज फैटी के पाए गए है फाइब्रोस्कैन जांच का खर्चा सात हजार तक आता है लेकिन शिविर में ये जांच निशुल्क थी। शिविर में रेडक्रास के स्टॉफ सहित व्हालिवाल जोनल सेक्रेट्री मनीष कटारे, विजय सेन सहित सहकार सामाजिक संस्था के साथियों का सहयोग रहा।

## भाजपा मंडल पदाधिकारी घोषित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने 21 सदस्यीय कार्यकारणी की घोषणा की जिसमे 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री सह कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, सोशल से मीडिया प्रभारी शामिल है। इस कार्यकारणी में आशीष पालीवाल, श्याम वैष्णव, अंशुमान दुबे, राम मोलसरिया, संगीता शर्मा तथा आरती विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार शुभम राजपूत व कपिल घारू को महामंत्री, रोहित पगारे को कोषाध्यक्ष, शंकर हेमवानी, अमित नेमां, कपिल दुबे, स्तुति सोनी, प्रीति नीखरा तथा रुचि राकेसिया को मंत्री, लखन साहू को कार्यालय मंत्री, संदीप चौरसिया सह कार्यालय मंत्री, संजय गुप्ता मीडिया प्रभारी, लकी सोनी सोशल मीडिया प्रभारी तथा लकी सोनी सोशल मीडिया सह प्रभारी बनाए गए हैं।

## ग्राम मोंहदी में रुकवाया बाल-विवाह

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा विकासखंड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम मोंहदी में परिवारजनों को समझाईश देकर बाल-विवाह को रोका गया। ग्राम मोंहदी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते तथा उनकी टीम द्वारा गांव में उपस्थित होकर वर एवं वधु पक्ष के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी गई। उन्हौने परिवारजनों के साथ ही ग्रामीणजनों को भी बाल विवाह के दुष्परिणाम और कम उम्र में बालक-बालिका का विवाह करने पर कानूनी कार्यवाहियों की जानकारी दी, जिससे वर एवं वधु पक्ष के परिजनों ने बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् ही विवाह करने की बात कही।

## महायज्ञ में नेत्र शिविर भी आयोजित





**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बायपास रोड टट्टा पुल के समीप स्थित श्री सिद्ध बाबा झिरना परिसर में 19 अप्रैल से 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ श्री रामकथा, श्री रामलीला एवं विराट संत सम्मेलन में प्रतिदिन विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। नेत्र शिविर से सैकड़ो ने जांच कराई। सभी को निशुल्क दवा दी गई। साथ ही मोतियाबिंद के रोगियों को शंकराचार्य नेत्रालय परमहंसी आने को कहा गया।

### साधु संतों का हुआ आगमन

वहीं वृंदावन एवं चित्रकूट धाम से देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक रासलीला की जा रही है। दूसरी ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पर सेवा कार्य में जुटकर अन्न एवं नगद राशि आदि का दान कर रहे हैं। यज्ञ आयोजन समिति ने बताया कि श्री श्री 1008 अनन्त विभूषित राष्ट्रीय संत चित्रकूट धाम सनकादिक महाराज के सानिध्य एवं भगवान सीताराम सरकार की अनुकम्पा से 19 अप्रेल से 27 अप्रेल तक 21 कुण्डीय महायज्ञ रामकथा, रामलीला एवं विराट संत सम्मेलन एवं प्रतिदिन भण्डारा सिद्ध बाबा झिरना बायपास पर हो रहा है।

इस धार्मिक आयोजन में मन कर्म वचन से अनेक श्रद्धालु जुटे हुए हैं । समिति ने बताया कि बताया कि 20 अप्रेल से लेकर प्रतिदिन यज्ञ पूजन हवन सुबह 6.30 से दोपहर 12 बजे तक,शाम 4 बजे से श्रीराम कथा व शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री रामलीला होगी। जबकि 20 एंव 21 अप्रेल को शंकराचार्य नेत्रालय झौतेश्वर द्वारा निश्शुल्क नेत्र जांच परामर्श शिविर लगाया गया एंव 27 अप्रेल को पूर्णाहूति व संत ब्राहण भेंट विदाई कार्यक्रम होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि संत सनकादिक महाराज के सानिध्य में यह यज्ञ हो रहा है। सभी धर्मप्रेमियों से अपील की गई है कि वे यज्ञ में अधिक से अधिक सहयोग कर आयोजन में सहभागी बनें।

## सामाजिक समारोहों में बढ़ा सूचना प्रौद्योगिकी का दखल, आमंत्रण पत्र में भी डिजिटल की छाप

**गाडरवारा, देशबन्धु।** देवउठनी एकादशी के बाद अब शादियों का दौर शुरू हो गया है। शादियों में मेहमानों और परिवार वालों को सुविधाएं देने के लिए अब कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। नई तकनीक से इन्हें आसान बनाया जा रहा है। लोग शादी को हर तरह से आनंद कर सकें, इसके लिए विवाह स्थल पर कई तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। लोग अब वेस्टर्न के साथ कंटेंपरेरी आर्ट वर्क करवा रहे हैं। क्लासी चीजों को ही डिजाइन करवा रहे हैं।

अब शादी का दौर बिल्कुल बदल गया है। लोग शादी में कंटेंपरेरी आर्ट वर्क करवा रहे हैं। यानी बहुत ज्यादा गाडीनेश लुक से निकलकर क्लासी चीजों को ही डिजाइन करवाया जा रहा है। बड़ी शादियों में डीजे की मांग कम है वह अपने क्षेत्र की संस्कृति के हिसाब से ही संगीत कार्यक्रम करवा रहे हैं, जिसमें वहां के कलाकारों को बुलाया जा रहा है, उनकी शादी पारंपरिक रूप से कमजोर न लगे।

शादी में आने वाले मेहमानों के लिए सहूलियत को भी ध्यान दिया जा रहा है। अक्सर शादियों में आने वाले लोग सबसे ज्यादा इन्हीं के लिए परेशान होते नजर आते हैं। कोरोना के बाद कार्ड इंडस्ट्री में कई बदलाव आए हैं। पहले के मुकाबले बहुत कम लोग कार्ड प्रिंट करवाते हैं। अब ज्यादातर डिमांड डिजिटल कार्ड की रहती है। इसमें वे पूरे परिवार की फोटो गैलरी लगवाते हैं। प्री-वेडिंग शूट का लिंक तो कुछ लोग शादी की लोकेशन का लिंक डालकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

## मुख्य चौराहे पर भीष्म पितामह स्तंभ बनाने की मांग

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते सोमवार को शहर के कौरव सेवा समिति के द्वारा गाडरवारा नगरपालिका गाडरवारा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा को गाडरवारा शहर के मुख्य चौराहे का नाम भीष्म स्तम्भ करने और सर्व समाज के आराध्य भीष्म पितामह की मूर्ति स्थापित करने की माँग करते हुए नपा अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपा।



कौरव सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

गाडरवारा नगरपालिका अध्यक्ष के द्वारा आश्वासन दिया गया की शीघ्र ही कौरव सेवा समिति के प्रस्ताव पर ध्यान देते हुए शहर में एक चौराहे को भीष्म पितामह के नाम आवंटित करेंगे जिसमे कौरव ही नहीं समूचे मानव समाज के आराध्य पितामह भीष्म का स्तंभ स्थापित किया जाए।

इस मांग पत्र को सौंपते समय कौरव सेवा समिति के ब्लॉक अध्यक्ष करेली सत्यम तिहैया, चीचली ब्लॉक से हजारी लाल ममार, गाडरवारा ब्लॉक प्रभारी दिलीप कौरव, सेक्टर प्रभारी सूरज कौरव, प्रदीप कौरव, राजेश कौरव, इंजी. संजय कौरव, संजय कौरव, आनंद कौरव, आकाश सिंह कौरव, सतीश कौरव पार्षद आजाद वार्ड, राघवेंद्र कौरव, राकेश कौरव, ब्रजेश कौरव, शिवम् कौरव, आयुष कौरव समेत सभी कौरव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

